卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 112 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦29 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कमिश्नर ने पकड़ा मिलावटी मावा

### मावे की आढ़त पर कमिश्नर की छापेमारी से मचा हड़कम्प

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।हल्द्वानी में मिलावट खोरी के खिलाफ पिछले कई दिनों से प्रशासन सख्ती दिखाता नजर आ रहा है । पिछले तीन-चार दिनों में शहर के अंदर कई डेयरी, राशन की दुकान, मिठाई की दुकान, पर मिलावट खोरी के खिलाफ प्रशासन ने मुहिम चला रखी है। इसी क्रम में सोमवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मावे की आढ़त पर औचक छापेमारी की जिससे वहां हड़कम्प मच गया। आढ़त से मावे का सेंपल (शेष पृष्ठ सात पर)





## बाइक की टक्कर से साईकिल सवार की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता) पुलभट्टा क्षेत्र में बाइक ने साईकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में साईकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूल रूप से शेरगढ़ बहेड़ी बरेली निवासी 40 वर्षीय रोशन लाल पुत्र बालजीत कश्यप किच्छा के सुनेरी में किराये का मकान लेकर परिवार के साथ रह रहा था। रविवार शाम वह रोजाना की तरह मिल से पल्लेदारी करके साईकिल पर घर की ओर जा रहा था। इसी बीच पुलभट्टा क्षेत्र में स्वास्तिक धर्मकांटे के पास बाइक सवार ने साईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में साईकिल सवार रोशन लाल की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घायल के बारे में पुलिस जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के पांच बच्चे हैं जिनमें चार बेटियां और एक बेटी है। घटना के बाद मृतक की पत्नी प्रेमवती का रो रोकर बुरा हाल है।

## कविता पढ़ते पढ़ते हार्ट अटैक से कवि की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर में आयोजित एक कवि सम्मेलन के दौरान बुजुर्ग कवि को हार्ट अटैक आ गया। जिससे उनकी मौत हो गयी। कवि को अचानक आये हार्ट अटैक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्तनगर में राष्ट्रीय स्वंय सुरक्षा अभियान के तत्वाधान में राष्ट्र एवं भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में रविवार को काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कवि सम्मेलन के मंच पर जब कवि एवं समाजसेवी 68 वर्षीय सुभाष चतुर्वेदी कविता पाठ कर रहे थे तभी अचानक कविता पढ़ते पढ़ते वह



गिर पड़े। जिससे वहां हड़कम्प मच गया। आनन फानन में कवि सुभाष चतुर्वेदी को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। परिजन उसी समय उन्हें उनके पैतृक आवास मथुरा (यूपी) लेकर चले गए। वह अपने पीछे विवाहित बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं। सुभाष चतुर्वेदी को 1974 में पंतनगर विवि में सहायक लेखाकार के पद पर नियुक्ति मिली थी। वर्ष 2014 में उन्होंने विवि से सेवानिवृत्त होकर जवाहर नगर में आवास बना लिया था और विवि परिसर में स्टेट बैंक के पीछे बेटे की सेंटर कैंटीन संचालन में हाथ बंटाने लगे। उनको कविता पाठ का (शेष पृष्ठ सात पर)

## 9 फरवरी से शुरू होगा भाजपा का गांव चलो अभियान

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।भाजपा जिला कार्यालय पर गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ वही कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने में 24 घण्टे प्रवास पर रहेगा और केंद्र सरकार की योजना को जन जन तक लेकर जाना उद्देश्य हैं। मुख्य वक्ता के रूप





जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री व उधम सिंह नगर जिले के गांव चलो अभियान के सयोंजक राकेश नैनवाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। किया। उन्होंने बताया लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत राष्ट्र नेतृत्व द्वारा गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई है जिसमे प्रत्येक गांव में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रदेश मंत्री राकेश नेंनवाल ने बताया देश की नरेंद्र मोदी सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने को हैं जिसके निमित राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने देशभर(शेष पृष्ठ सात पर)

## सील भवनों की सील तोड़ने पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्राधिकरण द्वारा दो भवनों में लगाई सील तोड़ कर निर्माण कार्य करने के मामले में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की ओर से तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में तैनात अपर सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार की ओर से वनभूलपुरा थाने में तहरीर दी गई है जिसमें उनका कहना है कि गौजाजाली उत्तर में शकीरा पत्नी अशरफ के भवन को प्राधिकरण ने सील किया था। भवन स्वीकृत मानचित्र से भिन्न पाया गया था। भवन के प्रथम तल में संचालित क्लीनिक और द्वितीय तल में संचालित जिम को 1 मई 2023 को सील किया गया था। लेकिन इसके बाद शकीरा ने सील किए गए क्लीनिक की सील तोड़ कर क्लीनिक शुरू कर दिया जिसे 12 जनवरी को सील कर दिया गया। लेकिन इसके बाद भी द्वितीय तल पर स्थित जिम की भी सील तोड़ डाली और जिम का संचालन शुरू कर दिया। प्राधिकारण ने द्वितीय तल को भी 28 जनवरी को सील कर दिया। इस मामले में प्राधिकरण के (शेष पृष्ठ सात पर)

## जिपं की बैठक में अपर मुख्य अधिकारी के खिलाफ उठी आवाज

### निंदा प्रस्ताव पारित, स्थानांतरण और भ्रष्टाचार की जांच की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला पंचायत की आज आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से अपर मुख्य अधिकारी के विरूद्ध न सिर्फ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया वरन उनके व वित्तीय परामर्शदाता स्थानांतरण के साथ ही उन पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाते हुए जांच की मांग भी की गई। आज की इस बैठक में कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। जिसको लेकर सदस्यों ने काफी रोष व्यक्त किया।





इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार की अनुमति के पश्चात प्रारंभ हुई बैठक में संचालन करते कर अधिकारी अनुरोध तिवारी ने एजेंडा पढ़ना शुरू किया। सर्व प्रथम अपर मुख्य अधिकारी एवं वित्तीय परामर्शदाता के विरुद्ध सर्व सम्मति से निंदा प्रस्ताव एवं इस जनपद से अन्य जनपद में स्थानान्तरण का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्य अमनदीप कौर एवं सद्दाम हुसैन की सदस्यता शासन द्वारा समाप्त नहीं करने के बाद भी उनके क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों के रोकने की निंदा कर कार्य प्ररम्भ करने की मांग की गई। नानकमत्ता व पुराना जिला चिकित्सालय में (शेष पृष्ठ सात पर)

### उत्तराखंड परिवहन निगम का कारनामा

## ‘वोल्वो बस’ संचालित ही नहीं हुई और कर दिया ‘लाखों’ का फास्ट टैग ‘भुगतान’

**महालेखाकार ऑडिट रिपोर्ट से उजागर हुआ परिवहन निगम का गड़बड़ झाला, बसों की नीलामी में 1.32 करोड़ का हेर फेर, मनाही के बावजूद निजी बैंकों में रखी गई 29.54 करोड़ की राशि, ई- टेंडर एवं ढाबों से अनुबंध में भी भारी अनियमितता**

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम के आला अधिकारी जहां एक ओर सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आह्वान पर निगम को 20 साल के घाटे से बाहर निकाल कर लाए हैं ,वही दूसरी ओर निगम के कतिपय अधिकारी भीतर खाने विभिन्न प्रकार के घोटाले को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। उत्तराखंड परिवहन निगम की हाल ही में महालेखाकार की एक ऑडिट रिपोर्ट सामने आई है ,जिसमें उत्तराखंड परिवहन निगम की कबाड़ बसों की नीलामी में 1.32 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया है। महालेखाकार कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 से 2023 के दौरान देहरादून, नैनीताल व टनकपुर मंडल में बसों की नीलामी की धनराशि में भारी अंतर है। इतना ही नहीं, जो वोल्वो बस कभी सड़क पर आई ही नहीं, परिवहन निगम ने उसके फास्ट टैग का भी 2.43 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। महालेखाकार की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार परिवहन निगम ने बसों की नीलामी की रकम 7.09 करोड़ रुपए दर्शाई है जबकि टीसीएस रिटर्न में ये कीमत 8.42 करोड़ रुपए बताई गई है। रिपोर्ट में सामने आया है कि परिवहन निगम के पास इसका कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं है। इसके अतिरिक्त आडिट रिपोर्ट में निजी बैंक में परिवहन



निगम की ओर से रखी गई 29.54 करोड़ रुपए की राशि पर भी आपत्ति जताई गई है। महालेखाकार कार्यालय के मुताबिक उत्तराखंड शासन के वित्त अनुभाग के आदेश के क्रम में राज्य सरकार के सभी उपक्रमों व निगमों को अपनी धनराशि सार्वजनिक व राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा करनी होती है, लेकिन परिवहन निगम के 34 खातों में से आठ खाते निजी बैंकों में संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जांच में ये भी पाया गया कि निगम अपनी बकाया धनराशि वसूलने की दिशा में भी कतई संजीदा नहीं है। लोकसभा चुनाव-2019, विधानसभा चुनाव-2022 व सरकार की ओर से चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं का बसों के माध्यम से किए गए प्रचार प्रसार के भुगतान का 25.76 करोड़ रुपये लंबित है, लेकिन अब तक परिवहन निगम ने इसके लिए कोई भी कारगर कोशिश नहीं की है. ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार मार्च-2023 तक परिवहन निगम में कुल 1243 बसें (919 परिवहन निगम की अपनी और 324 अनुबंधित) संचालित हो रही थीं , जिनमें यात्रियों की सुरक्षा व बसों की निगरानी के लिए कैमरे व जीपीएस लगाए जाने थे, मगर जांच में सामने आया कि बसों की निगरानी के लिए परिवहन निगम ने कोई व्यवस्था ही नहीं बनाई और वाल्वो बसों के अतिरिक्त अन्य सभी बसों में कैमरे टूटे हुए थे और जीपीएस भी बंद पाए गए.आडिट रिपोर्ट के मुताबिक निगम की ई-टेंडर प्रक्रिया में भी घोटाला सामने आया है। इसमें निगम के अधिकारियों की ठेकेदारों से साठगांठ की पोल खुली है। इस संबंध में (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह के साथ बनाया महा प्रसाद

## रूद्रप्रयाग जिले में 467 करोड़ 78 लाख की 27140 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुँचे। इस अवसर मुख्यमंत्री ने प्राचीन देवल से अगस्त्यमुनि के खेल मैदान तक आयोजित विशाल रोड शो कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान यहां हजारों की संख्या में स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री श्री धामी का भव्य स्वागत किया। रोड शो के दौरान विधायक श्री भरत चौधरी, श्रीमती शैला रानी रावत, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री महावीर पंवार आदि मौजूद रहे। वहीं नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत जनपद रुद्रप्रयाग में आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न महिला समूहों के साथ विभिन्न क्रियाकलाप कर स्थानीय संस्कृति को जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने काली माता स्वयं सहायता समूह एवं देवी धार स्वयं सहायता समूह के साथ महा प्रसाद भी बनाया व महिलाओं से अपने बचपन की यादें साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बचपन में घर के कार्यों में खूब हाथ बंटाया है। बचपन में वो त्योहारों के समय अपनी माता जी के साथ स्थानीय पकवान बनाने में खूब सहयोग करते थे। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं से सरकार की महाप्रसाद योजना से जुड़ने के बाद आजीविका में हुए बदलाव की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों एवं स्वास्तिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर स्टोन पेन्टिंग की व उनकी संस्था की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्नती क्लस्टर संगठन, कालीमठ कोटमा की महिलाओं के स्टॉल पर कताई एवं बुनाई भी की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभी महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग पर भी इन उत्पादों के आउटलेट खोले जाएं एवं पारंपरिक तरीके से बन रहे दोखे, शौल, टोपी आदि का खूब प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद रुद्रप्रयाग में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 467 करोड़ 78 लाख की 27140 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं के साथ संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग पर्यटन विभाग की ओर से तैयार कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने दुग्ध विभाग एवं सीएसआर के माध्यम से संचालित अत्याधुनिक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसी सिद्ध भूमि पर आने और यहां मातृशक्ति को समर्पित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग कार्यक्रम के तहत जन कल्याण की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा पूरे उत्तराखण्ड का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि रुद्रप्रयाग जिले का सर्वांगीण विकास हो और यह क्षेत्र उन्नति के नए शिखर छुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को समान नागरिक संहिता का जल्द ड्राफ्ट मिल जाएगा, जिसके बाद जल्द समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में वेडिंग डेस्टिनेशन को विकसित करने के लिए भी मिशन मोड में काम कर रही है। इस अवसर पर विधायक श्री भरत सिंह चौधरी, श्रीमती शैला रानी रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, दर्जा धारी राज्यमंत्री श्री अजेन्द्र अजय, श्री चण्डी प्रसाद भट्ट, प्रदेश गढ़वाल आयुक्त श्री विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## फरवरी में बारिश और बर्फबारी के आसार

देहरादून। बीते साल से मौसम चक्र में हुए बदलाव और पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण इस साल जनवरी का महीना सूखा निकल गया। हालांकि राहत की बात यह है कि फरवरी की शुरूआत में बारिश-



बर्फबारी की संभावना है। आमतौर पर दिसंबर और जनवरी में बारिश और बर्फबारी होने से मैदान से लेकर पहाड़ तक काफी ठंड होती है। लेकिन इस बार इन दोनों महीनों में न तो खास बारिश हुई और ना ही ढंग से बर्फबारी। बावजूद इसके प्रदेश भर में शीतलहर चलने और घना कोहरा छाने से शीत दिवस जैसी स्थिति बनी। जनवरी में तो मैदान से लेकर पहाड़ तक सूखी ठंड ने लोगों को परेशान किया। वहीं दूसरी तरफ बारिश नहीं होने से पहाड़ी क्षेत्रों में फसल भी प्रभावित हो रही है। फल सब्जियों के साथ ही खेती को भी जलवायु परिवर्तन की मार पड़ने से भारी नुकसान पुचा है। खेतों में अनाज नहीं उग रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है इसका मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन के साथ पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। यही वजह रही कि जनवरी में सूखी ठंड ने सताया। वैज्ञानिकों का कहना है, पश्चिमी विक्षोभ से ही तापमान कम होने के साथ नमी आती है। फरवरी में भी पश्चिमी विक्षोभ कमजोर होने से तापमान में ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। राजधानी दून में रविवार को मौसम ने तेवर दिखाया तो अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। उधर शीतलहर चलने दिन भर ठंड से ठिठुरन रही। दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री की कमी के साथ 18.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पंतनगर का भी अधिकतम तापमान सात डिग्री की गिरावट के साथ 14.4 डिग्री रहा। जनवरी के अंत में एक बार मौसम बदल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 31 जनवरी से दो फरवरी तक बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इसके अलावा फरवरी में एक-दो बार मौसम बदलने के आसार हैं। फरवरी का पहला सप्ताह मौसम के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। जबकि आज (सोमवार) को दून समेत पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में घना कोहरा छाने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने इन जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

## प्रान्तीय सिविल सेवा कार्यकारी शाखा संघ के पदाधिकारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से (से नि) से राजभवन में उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा कार्यकारी शाखा संघ के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता और सरकार के मध्य जितना अच्छा समन्वय स्थापित करेंगेए जनहित में कार्य और तेजी से होंगे।राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के अधिकारी बेहतर फोकस किया जाय। उन्होंने कहा वर्ष 2023 में उत्तराखंड ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें सभी अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अधिकारियों से इसी लगन और



की। पदाधिकारियों ने राज्यपाल को वार्षिक अधिवेशन की जानकारी दी और संघ की वार्षिक पत्रिका ष्आरोहीष् भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि आप सभी अधिकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त कार्य कर रहे हैं और वे विश्वसनीयता और निर्भरता में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन को मिले आप सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी को इस्तेमाल करें और गुड गवर्नेंस पर सेवाभाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा यकार्यकारी शाखा संघ के अध्यक्ष श्री गिरधारी सिंह रावतए उपाध्यक्ष डॉ ललित नारायण मिश्राए श्री प्रताप शाह एवं पीसीएस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दरोगा भर्ती धांधली मामले में विजिलेंस ने सौंपी रिपोर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। दरोगा भर्ती धांधली में विजिलेंस ने जांच पूरी कर शासन को सौंप दी है। विजिलेंस को कई दरोगाओं के खिलाफ पैसे देकर भर्ती होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं, जबकि कई दरोगाओं पर आरोप साबित हुए हैं। 20 दरोगा पिछले साल जनवरी से सस्पेंड चल रहे हैं। अब इन दरोगाओं के भविष्य का फैसला शासन में ही किया जाना है। बताया जा रहा है कि जल्द सतर्कता समिति की बैठक में इन दरोगाओं के खिलाफ मुकदमे या अन्य कार्रवाई पर फैसला किया जाना है। गौरतलब है कि मई 2022 में एसटीएफ ने यूकेएसएस एससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा धांधली की जांच शुरू की थी। इस जांच में कई आरोपियों और नकल माफिया को गिरफ्तार भी किया गया। इस बीच पहले कुछ और भर्तियों में धांधली की बात सामने आई। पता चला कि 2015 में हुई दरोगा सीधी भर्ती परीक्षा में भी बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। यह परीक्षा पंत नगर विवि ने आयोजित कराई थी। पुलिस मुख्यालय की संस्तुति के बाद इस मामले को विजिलेंस को सौंपा गया था। विजिलेंस ने आठ अक्तूबर 2022 को नकल माफिया समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया था। तब से इस मामले की जांच चल रही थी। शक के आधार पर पुलिस मुख्यालय ने जनवरी 2023 में 20 दरोगाओं को निलंबित कर दिया था। इस पूरे मामले में दरोगाओं और उनके परिजनों की संपत्तियों की जांच भी की गई। इसमें पता चला कि कुछ दरोगा ऐसे थे, जिन्होंने अपने परिवार की संपत्तियां गिरवी रखकर माफिया को पैसे दिए थे। उस वक्त तक ये सब आरोप थे। बताया जा रहा है कि विजिलेंस को इनमें से कुछ दरोगाओं के खिलाफ ऐसे साक्ष्य मिल भी चुके हैं, लेकिन कई दरोगा ऐसे भी हैं जिनका इस मामले में बेवजह नाम घसीटा गया। वह अपने स्तर से परीक्षा में पास हुए थे। अब विजिलेंस ने पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। जांच की शुरूआत में शक जताया गया था कि कुल भर्ती दरोगाओं में से कम से कम 33 फीसदी दरोगा नाकाबिल हैं। इनमें से ज्यादातर को अपनी केस डायरी तक लिखना नहीं आता है। इन सब कामों के लिए भी वह दूसरों का सहारा लेते हैं। बता दें कि 2015 में कुल 339 दरोगा सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती हुए थे।

## अशासकीय स्कूलों के शिक्षकों का भी होगा तबादला

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की तरह अब अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को भी तबादलों की जद में लाने की तैयारी है। इसके लिए एक्ट में बदलाव किया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मुताबिक, सरकार चाहती है कि राज्य में कार्मिकों के लिए एक समान नीति लागू हो। प्रदेश के अशासकीय स्कूलों में वर्तमान में तबादलों की व्यवस्था नहीं है। शिक्षक जिस विद्यालय में नियुक्ति पाते हैं, उसी स्कूल से सेवानिवृत्त होते हैं। हालांकि, कुछ परिस्थितियों में उनका



पारस्परिक तबादला किया जा सकता है। लेकिन, राज्य सरकार चाहती है कि सरकारी विद्यालयों की तरह उन्हें भी इधर से उधर किया जा सके। शिक्षा मंत्री के मुताबिक, अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों को सरकार ने तीन विकल्प दिए हैं। पहला यह कि यदि स्कूल प्रबंधन स्कूल नहीं चला पा रहे हैं तो स्कूल को सरकार को दे दिया जाए। सरकार उन विद्यालयों को चलाएगी। दूसरा यह कि जो संस्था स्कूल चलाना चाहती है और यह भी चाहती है कि सरकार से अनुदान मिलता रहे। उन अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती विद्यालय प्रबंधन नहीं, बल्कि सरकार करेगी। जिन स्कूल प्रबंधन और संस्था को सरकार के यह दोनों विकल्प पसंद नहीं है, वह अपने स्कूल को निजी स्कूल के रूप में चलाते रहें। शिक्षा मंत्री के मुताबिक, अशासकीय विद्यालयों में शिक्षक एवं कर्मचारी के वेतन के रूप में पूरा पैसा सरकार देती है, लेकिन अब यह कर दिया गया है कि किसी स्कूल को अनुदान की श्रेणी में लाया जाता है तो उस स्कूल को एकमुश्त 10 लाख रुपये दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मुताबिक, केंद्र सरकार समग्र शिक्षा का पैसा केवल उन्हीं राज्यों को देगी, जहां तबादलों में पारदर्शिता हो। धीरे-धीरे सभी राज्य ऑनलाइन तबादले कर रहे हैं। उत्तराखंड में भी विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन तबादले होंगे। इससे तबादलों में पारदर्शिता आएगी। छात्रों, शिक्षकों की उपस्थिति एवं छुट्टी सब इसके माध्यम से दर्ज होगी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष व सदस्य बनने के लिये अब देनी होगी लिखित व मौखिक परीक्षा

काशीपुर (उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारत सरकार द्वारा 22 सितम्बर 2023 से लागू नये उपभोक्ता नियमों के अनुसार उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष, सदस्य बनने के लिये अब उपभोक्ता कानूनों की लिखित परीक्षा देनी होगी। उत्तराखंड सरकार ने यह परीक्षा यू के एस.एस.एस.सी से कराने का निर्णय लिया है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड के राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष व सदस्यों के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही के सम्बन्ध में सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में विभाग के लोक सूचना अधिकारी/अनुसचिव राजेश कुमार ने अपने पत्रांक 05 के साथ उत्तराखंड उच्च न्यायालय में इस सम्बन्ध में लम्बित जनहित याचिका संख्या 215/2023 के सम्बन्ध में सरकार का पक्ष रखने के लिये अपर महाधिवक्ता को प्रेषित पत्र की फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। इसमें राज्य व जिलों के उपभोक्ता आयोगों (पूर्व जिला उपभोक्ता फोरमों) के अध्यक्ष व सदस्यों के लिये लिखित परीक्षा कराने की कार्यवाही शुरू करने तथा इसके लिये उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यू.के.एस.एस..सी) को परीक्षा कराने के लिये निर्णय करने से अवगत कराया गया है। सूचना में यह भी उल्लेखित है कि उ0प्र0 में लखनऊ विधि विश्वविद्यालय तथा महाराष्ट्र में इंस्टीट्यूट ऑफ बैकिंग पर्सनल सलैक्शन द्वारा परीक्षा करायी जा रही है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के मधु लियमे भास्कर केस में मार्च 2023 में दिये गये आदेशों के अनुपालन में सितम्बर 2023 में उपभोक्ता नियमावली के नियम 9 में संशोधन के अनुसार राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष व सदस्यों का चयन चयन समिति दो पेपरों वाली लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर करेगी जिसमें प्रत्येक पेपर में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगी और 50 अंकों की मौखिक परीक्षा होगी। दूसरे पेपर में व्यापार, वाणिज्य, ऑफ उपभोक्ता संबंधी मुद्दों पर निबंध तथा उपभोक्ता मामलों के संबंध में एक मामला अध्ययन शामिल है। श्री नदीम ने बताया कि नियमों के अनुसार लिखित परीक्षा में 100-100 अंकों के दो पेपर होंगे जिसमें दो घंटे का एक पेपर ओबजेक्टिव तथा दूसरा तीन घंटे का वर्णनात्मक प्रकार का होगा। पेपर 1 में सामान्य ज्ञान, भारत के संविधान का ज्ञान तथा 10 उपभोक्ता सम्बन्धी कानूनों के ज्ञान को जांचने की परीक्षा होगी। इन 10 उपभोक्ता कानून में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, विधि माप विज्ञान, बी.आई.एस.एक्ट, कम्प्टीशन एक्ट, खाद्य सुरक्षा अधि नियम, ड्रग्स एवं कास्मेटिक्स एक्ट, सेल गुड्स एक्ट, रेरा एक्ट, इलैक्ट्रिसिटी एक्ट तथा इंश्योरेंस एक्ट शामिल है।श्री नदीम ने बताया कि राज्य आयोग के अध्यक्ष के लिये उच्च न्यायालय का जज होना, या रहे होना या इसके योग्य होगा तथा राज्य आयोग के न्यायिक सदस्यों तथा जिला आयोगों के अध्यक्षों के लिये जिला न्यायालय का न्यायाधीश होना, रहे होना या योग्य होना आवश्यक है जबकि सदस्यों के लिये स्नातक के साथ उपभोक्ता मामले, विधि, लोक , प्रशासन, अर्थशास्त्र, वाणिज्य उद्योग, वित्त प्रबंध न अभियांत्रिकी की, प्रौद्योगिकी, लोक स्वास्थ्य अथवा औषधि में विशेष ज्ञान और कम से कम दस वर्ष का अनुभव आवश्यक है। राज्य आयोग के सदस्यों के लिये 40 वर्ष की न्यूनतम आयु तथा जिला आयोग के सदस्यों के लिये 35 वर्ष की न्यूनतम आयु आवश्यक है। जिला न्यायालय के न्यायाधीशों तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को भी लिखित व मौखिक परीक्षा से छूट नहीं दी गयी है। इसलिये नियमावली के अनुसार अध्यक्ष व सदस्य बनने के लिये उन्हें भी लिखित व मौखिक परीक्षा पास करनी होगी।

# जिले में खाद्य और पेय पदार्थों के लिए नमूने

रुद्रपुर/सितारगंज। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर जिले के रुद्रपुर, बाजपुर और सितारगंज में दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के 31 सैंपल लिए। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। डीएम उदयराज सिंह और सीडीओ विकास मिश्रा के निर्देश पर खाद्य विभाग की ओर से रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। रुद्रपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या ने दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दुकानों में बिकने वाले पदार्थों



में संदेह होने पर 14 नमूने लिए। एक कारोबारी को बिना खाद्य पंजीकरण के दुकान चलाने पर नोटिस जारी किया गया। बाजपुर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार ने टीम के साथ होटल, कन्फेक्शनरी व अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों से पांच नमूने लिए किए और करीब 35 पैकेट मसाले के नष्ट किए। वहीं सितारगंज में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह ने दुकानों के निरीक्षण के दौरान तेल, मैकरोनी, मसूर की दाल, पनीर, मावा समेत 12 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। साथ ही कारोबारियों को गुणवत्ता की खाद्य पदार्थों की बिक्री करने और दुकान में साफ सफाई के निर्देश दिए।

# हर्षिल गांव की अनुप्रिया रावत ने पीएम मोदी को भेंट की पेंटिंग

उत्तरकाशी। वाइब्रेंट विलेज हर्षिल गांव की अनुप्रिया रावत ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी पेंटिंग भेंट की। भोजपत्र पर तैयार इस टकनौरी



पेंटिंग की प्रधानमंत्री ने सराहना की है। भारत सरकार की ओर से उत्तरकाशी के आठ वाइब्रेट विलेज के प्रधान व उप प्रधानों को सपत्निक दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष मेहमान के तौर पर बुलाया गया था। इस समारोह में शामिल हुई हर्षिल के उप प्रधान माधवेंद्र रावत की पत्नी अनुप्रिया रावत ने प्रधानमंत्री को उनकी पेंटिंग भेंट की। अनुप्रिया ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस पेंटिंग के बारे में उनसे जानकारी मांगी, जिस पर उन्होंने बताया कि यह पेंटिंग उन्होंने भोजपत्र पर अखरोट के रंग से खास तौर पर उनके लिए ही तैयार की है। इस पेंटिंग में पीएम भगवान राम को प्रणाम करते नजर आ रहे हैं।

# पूर्व विधायक शैलेन्द्र रावत ने फिर थामा भाजपा का दामन

कोटद्वार। पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत रविवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। शैलेंद्र के अलावा केदारनाथ विधानसभा से चुनाव लड़ चुके कुलदीप ने भी भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, पीएम मोदी के विजन में देश और मुख्यमंत्री धामी के निर्देशन में राज्य विकास की नई गाथाएं लिख रहा है। दुनिया में भारत की साख है। 2025 तक प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य और 2047 तक देश को विकसित देश बनाने के मिशन में सभी लोगों को पूरा सहयोग करना है। आज देश का राजनीतिक माहौल भाजपामय है, जिसे ऐतिहासिक जीत में तब्दील कर हमें विकास पुरुष मोदी के हाथों को मजबूत करना है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा, आज पार्टी में शामिल होने वालों का सैलाब बताता है कि राज्य की पांचों सीट दोगुने मतों से जीतने के साथ इस बार हम 400 का आंकड़ा पार करने जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा, यही समय सही समय है, जब आप दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में शामिल हुए हैं। भाजपा परिवारवाद की नही, परिवार भाव से चलने वाली पार्टी है।

# सड़क हादसे में सर्राफ की मौत

खटीमा। अज्ञात वाहन की टक्कर से शनिवार रात बाइक सवार सराफ की मौत हो गई है। उसका 24 अप्रैल को विवाह होने वाला था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए बिहार ले गए। श्रीपुर बिचवा निवासी संजीव वर्मा (22) पुत्र बैजनाथ किसी काम से खटीमा आया हुआ था। रात को बाइक से वह पहेनिया मार्ग होते हुए घर लौट रहा था। तभी कुआंखेड़ा के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।देर रात 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजीव चार भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। झनकट निवासी बड़े भाई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि संजीव की श्रीपुर बिचवा मेंज्वेलर्स की दुकान है। वह श्रीपुर बिचवा में किराए पर रहता था। 24 अप्रैल को उसका बिहार से विवाह होने वाला था। उनका परिवार मूलरूप से सीतामणि, बिहार का रहने वाला है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817




# न्यू वुडलैंड एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कृष्णा कालोनी में न्यू वुडलैंड एकेडमी स्कूल में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवपस पर देशभक्ति से ओत प्रोत कई



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इससे पूर्व मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विशिष्ठ अतिथि दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता विद्यालय प्रबंधक दिलीप अधिकारी आदि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वक्ताओं ने सभी विद्यार्थियों से देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आव्हान किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगररंग कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर तरूण दत्ता, रामधारी गंगवार, दिनेश तोमर, प्रेमपाल, नन्दकिशोर, जगदीश, सुभाष स्वर्णकार, जपन चौधरी, तारक मंडल, पूर्व पार्षद सविता अधिकारी, उमा सरकार, बेबी सिकदार, सरोज चौहान, तुलसी साह, सुकुमार अधिकारी, सर्वेश रस्तोगी, भीमसेन, प्रधानाचार्या प्रीति नयाल, सुनील गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, नरेन्द्र कुमार, दिनेश चन्द्र, नीरज कुमार, कंचन अधिकारी, सपना शर्मा, सरोज, मीना कश्यप, अनीता साह, ज्योत्सना, अंकित आनंद, अनामिका डे, शीला चौधरी, सुनीता धौनी, रचना शर्मा, ममता पाल, मीनाक्षी दास, अरर्निका सिंह, रजनी गंगवार, प्रियंका देवी, विमला, वन्दना, कंचन बिष्ट, विनीता, सविता, लता, निशा, शीतल आदि मौजूद थे। अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

# स्काउट गाइड की कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन के एक ग्रुप के द्वारा नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड, गौलापार के बच्चों के साथ स्काउटिंग एवं गाइडिंग के विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऐ मालिक तेरे बंदे हम प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में परिचय सत्र के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी रुचि के बारे में बताते हुए अपना परिचय दिया जो बच्चों को काफी रुचिकर लगा। स्काउट मास्टर गिरीश चंद्र जोशी ने बताया कि बच्चों को अपने से जोड़ने एवं बच्चों की अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्काउट मास्टर गौरीशंकर काण्डपाल द्वारा सेल्फ डिफेंस, गाइड कैप्टन हेमलता तथा दीपा मेहता द्वारा गुड टच एवं बेड टच, गोपाल दत्त गुणवंत द्वारा स्काउटिंग का इतिहास के बारे में बताया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्काउट मास्टर कमलेश कुमार सती ने आजा रे आजा मेरी सोन चिरैया आजा गीत



गया। जिसे बच्चों ने बहुत पसंद किया। संस्थान के बच्चों ने हारमोनियम, तबला, ढोलक की धुन पर विभिन्न गीत सुनाएं। गिरीश चंद्र जोशी ने बच्चों को शारीरिक व्यायाम के बारे में तथा हेमलता पांडे ने बच्चों के साथ लाल मेरी, मैं पहाड़न, बेड़ू पाको बारो मासा गीत की प्रस्तुति दी तथा वर्षा ताली का अभ्यास कराया।इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों में साइन लैंग्वेज विशेषज्ञ दामिनी शाह के अतिरिक्त गीता नेगी, दीपा जोशी, दीपा पांडे ,शोभा जोशी ,ज्योति मेहता, राधा चौहान, हरीश पांडे, पूजा मेहता, पूजा रावत, अंजू बिष्ट, प्रीति कनवाल , कविता बोरा आदि उपस्थित रहे।

# भारामल मंदिर के महंत श्री हरिगिरि के तीन हत्यारे गिरफ्तार





## पुराने सेवादार ने भंडारे में शराब पीने से डांटने पर की थी बाबा की हत्या, दानपात्र से लुटी गई नगदी बरामद
## साधु-संतों ने पुलिस टीमों को किया सम्मानित, डीजीपी, डीआईजी और एसएसपी ने की इनाम देने की घोषणा

खटीमा। भारामल मंदिर के महंत श्री हरिगिरि महाराज की हत्या उनके ही पुराने सेवादार ने अपने भाई और एक हिस्ट्रीशीटर के साथ मिलकर की थी। महंत ने मंदिर परिसर में शराब पीने पर तीनों को डांटकर भगा दिया था, जिस कारण वे उनसे रंजिश रखने लगे थे। शनिवार रात पुलिस ने तीनों को पीलीभीत से गिरफ्तार कर लिया। रविवार को झनकईया थाने में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि नौगांव टीपीनगर पीलीभीत (यूपी) निवासी कालीचरण पांच साल पहले भारामल सिद्धपीठ में सेवादार था। उसका भाई रामपाल बरखेड़ा (पीलीभीत) स्थित श्मशानघाट पर औघड़ बाबा है। 25 दिसंबर को भारामल मंदिर में लगे भंडारे में दोनों भाई सुनगढ़ी (पीलीभीत) निवासी पवन कुमार के साथ आए थे। पवन थाना सुनगढ़ी का हिस्ट्रीशीटर है। तीनों भंडारे के दौरान शराब पी रहे थे, जिस पर श्रीहरिगिरि महाराज ने उन्हें डांटकर भगा दिया था। रंजिशन उन्होंने हरिगिरि महाराज की हत्या कर मंदिर में आने वाले चढ़ावे को लूटने की योजना बनाई।चार जनवरी को तीनों टाटा मैजिक में सवार होकर पीलीभीत से खटीमा पहुंचे। इसके बाद ऑटो और पैदल चलकर शाम के समय भारामल मंदिर पहुंचे। उन्होंने दरांती से पेड़ों से लकड़ी काटी। रात करीब 11 बजे वह लूट की योजना बनाने लगे। तभी हरिगिरि महाराज जागे तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से वार कर उनकी हत्या कर दी। उनको बचाने आए सेवादार नन्हे पर भी लाठियों से हमला किया। नन्हे को मरा समझकर वे दोबारा दानपात्र को लूटने लगे। तभी उन्होंने वहां पहुंचे सेवादार रूप सिंह बिष्ट की भी लाठियों से पीटकर हत्या कर दी। वारदात करने के बाद तीनों पैदल ही सूखी नदी के पुल को पार कर जंगल में छिप गए। अगले दिन छिपते हुए पीलीभीत पहुंचे। एसएसपी ने बताया कि शनिवार रात पवन और रामपाल को बरखेड़ा और कालीचरण को सुनगढ़ी से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहां पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, एसपी काशीपुर अभय सिंह, एएसपी वीर सिंह, सीओ ओम प्रकाश थे। खुलासे में शामिल पुलिस टीमों को डीआईजी की ओर से पांच हजार और एसएसपी की ओर से ढाई हजार रुपये देने की घोषणा की गई। इसके अलावा डीजीपी ने टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की है। दोहरे हत्याकांड का खुलासा होने का पता चलने पर विभिन्न संगठनों के लोगों के साथ ही आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। इसको देखते हुए पुलिस ने तीनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में रखा। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि भारामल मंदिर में क्षेत्र की जनता की असीम आस्था है। महंत श्री हरिगिरि महाराज के हत्यारों के पकड़े जाने पर क्षेत्र की जनता खुश है। एसएसपी ने कहा कि अगले सप्ताह भारामल मंदिर परिसर में लंगर का आयोजन किया जाएगा। खुलासे में शामिल पुलिस टीमों को साधु-संतों ने सम्मानित किया। श्रीमहंत समुद्र गिरि महाराज, रणधीर गिरि महाराज और वासुदेव नंद गिरि ने एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी क्राइम चंद्रशेखर खोड़के समेत पूरी टीम को फूलों की माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के पदाधिकारियों ने एसएसपी को स्मृति चिह्न भेंट किया। वहां टीएस खाती, भुवन भट्ट, किशन सिंह किन्ना, जेएस बसेड़ा आदि थे। हिंदू जागरण मंच द्वारा भी खुलासे के पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

## पुलिस टीम को जंगल में फेंके वाईफाई डोंगल के नेटवर्क से मिली ब्लाइंड मर्डर केस में सफलता

### 1200 लोगों से पूछताछ के साथ 1500 सीसीटीवी के फुटेज जांचे

खटीमा। दोहरे हत्याकांड के खुलासे में 23 दिनों से जूझ रही तीन जिलों की पुलिस को शनिवार को सफलता मिली। खुलासे में सबसे अधिक मददगार श्रीहरिगिरि महाराज का वाईफाई डोंगल साबित हुआ। भारामल क्षेत्र में नेटवर्क की दिक्कत होने के कारण वह डोंगल को अपने पास रखते थे। हत्याकांड के बाद बदमाश लूटे हुए सामान के साथ डोंगल को भी समेटकर ले गए। हालांकि बाद में उसे बेकार समझकर जंगल में ही फेंक गए। सर्विलांस टीम को जांच के दौरान अचानक जंगल में डोंगल से नेटवर्क मिला। इसी डोंगल की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। श्रीहरिगिरि महाराज और सेवादार की हत्या के अगले दिन तीनों आरोपी रामपाल (62), कालीचरण (52) और पवन कुमार (34) खटीमा में ही थे। चूंकि कालीचरण



पूर्व में भारामल मंदिर का सेवादार रह चुका था। इसलिए उसे पीलीभीत और खटीमा के सभी रास्ते मालूम होने के कारण वह आसानी भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हिस्ट्रीशीटर पवन पर लूट, चोरी व एनडीपीएस के पीलीभीत में करीब छह केस दर्ज हैं। वर्तमान में वह कालीचरण के साथ मजदूरी करने लगा था। इस कारण दोनों की जान पहचान हो गई थी। चार जनवरी को भारामल मंदिर में श्रीहरिगिरि महाराज और सेवादार रूप सिंह बिष्ट की हत्या के बाद खुलासे में जुटी पुलिस को यह पूरी तरह ब्लाइंड केस लग रहा था। ऊधमसिंह नगर के अलावा नैनीताल और चंपावत की पुलिस टीमों ने 1200 लोगों से पूछताछ के साथ ही 1500 सीसीटीवी के फुटेज जांचे। इसके अलावा एक हजार से अधिक आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का सत्यापन भी किया। इसके साथ ही एसआईटी समेत 15 टीमों ने मध्य यूपी में कई स्थानों पर दबिश दी लेकिन खुलासे में अधिक मदद नहीं मिली। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि अपने पूरे कॅरिअर में उन्होंने इतने बड़े ब्लाइंड का केस का कभी खुलासा नहीं किया। इसके लिए उन्होंने सर्विलांस टीम के सिपाही अनिल गिरि और भानुप्रताप ओली की सराहना की, जिन्होंने डोंगल की मदद से आरोपियों तक पहुंचने में मदद की। सर्विलांस टीम को घटना के दिन कुछ संदिग्धों के मोबाइल नंबरों की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। इसके बाद उक्त नंबरों का सत्यापन किया गया।




# युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आहवान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के द्वारा जिला








जज प्रेम सिंह खिमाल की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के फुटबॉल मैदान रूद्रपुर में किया गया जिसमें जिला प्रशासन की तरफ से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये गये। शिविर में एस0एस0पी0 मंजुनाथ टी0सी0 व उनकी पुलिस टीम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, एंटी ड्रग्स यूनिट इत्यादि के अधिकारिगण उपस्थित रहे। साथ ही न्यायिक अधिकारिगण में ए0डी0जे0 प्रथम सुशील तोमर, एडीजे/एफटीसी अश्वनी गौड़, एडीजे/एफटीएससी शिवकांत द्विवेदी,परिवार न्यायाधीश सुधीर तोमर, सीजेएम मो0 यूसुफ, सिविल जज श्वेता पांडेय,सिविल जज शाइस्ता बानो, सिविल जज नदीम अहमद, न्यायिक मजिस्ट्रेट रोहित जोशी व रिजवान अंसारी तथा अन्य न्यायिक अधिकारिगण भी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से लाभार्थियो को ट्राइ साइकल,वैशाखी, चश्में आदि बाँटे गये, साथ ही विकलांग सर्टिफिकेट व अन्य सुविधाओं का लोगों ने लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग की और से स्वयं सीएमओ मनोज शर्मा व उनकी टीम, सी0डब्ल्यू0सी0 प्रेमलता सिंह, चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल मो0 मिराज, स्थाई लोक अदालत के सदस्य अब्दुल नसीम, पैनल अधिवक्ताओं की और से सुश्री निशा राजभर, पीएलवी गीता आदि व मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

## देवभूमि फाउंडेशन को तीसरी बार मिला राष्ट्रीय सम्मान

किच्छा(उद संवाददाता)। देवभूमि फाउंडेशन ने कुरुक्षेत्र हरियाणा में तीसरी बार राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किया है। संस्था के प्रमुख ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि नेशनल सोशल आर्गेनाइजेशन द्वारा हरियाणा में आयोजित एक सम्मान




समारोह में रक्तदान, एंबुलेंस सेवा, लावारिश व्यक्तियों का इलाज ,बेजुबानों की सेवा इत्यादि सेवाओं को देखते हुए देवभूमि फाउंडेशन को कुरुक्षेत्र हरियाणा में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ये सम्मान पूरी टीम का सम्मान है । ये सम्मान सभी के प्यार और सहयोग से मुमकिन हो पाया है।

## रूद्रपुर के श्रद्धालुओं ने किये राम लला के दर्शन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री दुर्गा यात्रा समिति के बैनर तले अयोध्या धाम गये राम भक्तों का जत्था अपने आराध्य रामलला के दर्शनों के बाद रुद्रपुर के लिए वापस चल दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत 26 जनवरी को दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी वेद ठुकराल की अगुवाई में रुद्रपुर से दो बसों में सवार होकर अयोध्या के लिये रामभक्तों का दल रवाना हुआ था।सभी रामभक्तों ने शनिवार की शाम को





सबसे पहले अयोध्या पहुंचकर पवित्र सरयू नदी में स्नान किया जिसके बाद पुराने राम दरबार एवं बड़े हनुमान जी के दर्शन किये। इसके बाद ऐतिहासिक हनुमान गढ़ी जाकर मत्था टेका। हनुमान गढ़ी मे महावीर ध्वज सह संयोजक विक्की कक्कड़ ने चढ़ाया। हनुमान जी के दर्शनो के बाद हाथ में महावीर ध्वज थामे वेद ठुकराल के नेतृत्व में रामधुन गाते हुए सभी श्रद्धालुओं ने श्रीराम जन्मभूमि के दर्शनों के लिये प्रस्थान किया।ढोल नगाड़ों और जय श्रीराम के जयघोष के साथ सभी ने रामलला की संध्या आरती में भाग लिया।अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के दर्शन पाकर अनेक श्रद्धालु भावुक हो गये और उनकी आँखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।अयोध्या गये रामभक्तों के दल का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी वेद ठुकराल ने बताया कि सभी रामभक्तों ने अपने आराध्य रामलला के दर्शन कर लिये हैं और रुद्रपुर वापसी के लिये रवाना हो गया है। यात्रा में महंत राजीव ठक्कर,ओम सचदेवा,विक्की कक्कड़ रजनीश बत्रा,विपिन अरोरा,ललित शर्मा,सतीश कक्कड़ ,नीटू बत्रा,ललित कथुरिया, मनोज बठला,सतीश घीक, अमन अरोरा ,प्रशांत शर्मा,तनिश वर्मा, जुगनू अरोरा,संजीव ठक्कर,हरीश चुघ,भावना सचदेवा,शिखा नारंग,सिल्की गाबा,ममता मदान,सोनम ठक्कर,प्रीति अरोरा,पूनम ठक्कर,वीना चुघ,अमित दुआ,एकता दुआ,सन्नी धवन,कृष्णा देवी ग्रोवर,सोनल ग्रोवर आदि लोग शामिल थे।

## शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मोदी के मन की बात

किच्छा(उद संवाददात)। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 107 वा एपीसोड कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बूथ 57 वार्ड 3 सिसई में सुना। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गणतंत्र दिवस से लेकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बात की, बताया कि हमारे संविधान के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष हो रहे हैं। हमारे



लोकतंत्र के ये पर्व 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं, भगवान राम को याद करते हुए पीएम ने बताया कि संविधान के तीसरे अध्याय के शुरुआत में हमारे संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था, प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था और इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने श्देव से देशश की बात की थी, श्राम से राष्ट्रश की बात की थी, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधा, संविधान गहन मंथन से तैयार हुआ और इसे जीवंत दस्तावेज कहा जाता है संविधान के तीसरे अध्याय में नागरिकों के अधिकारों की जानकारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि हमारे बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो दुनिया को अलविदा कहने के बाद भी लोगों की मदद कर रहे हैं, इसके लिए वे अंगदान का सहारा लेते हैं, हाल के सालों में एक हजार से ज्यादा लोगों ने मरने के बाद अंगदान किया, उन्होंने कहा कि कुछ संस्थाएं लोगों को अंगदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं इससे अंगदान को लेकर सकारात्मक माहौल बन रहा है और लोगों की जिंदगियां बच रही हैं। कार्यक्रम में कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना व वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, महामंत्री गोल्डी गोराया, मुकेश कोली, देवेंद्र शर्मा, पूरन भट, सुरेंद्र चौधरी, धनीराम, कमलेश राठौर, विनोद कोली, चंदन जायसवाल, लता सिंह, आरती दुबे, शैल शुक्ला, बीना पांडे, सुनीता गंगवार, मुकेश राठौर, नंदू प्रजापति, रितिक कश्यप, हीरालाल प्रजापति, राम अवतार अग्रवाल, कविता मान, परमजीत सिंह, विशाल गुप्ता, जीत सिंह, मनजीत सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

शक्ति फार्म (उद संवाददाता)। बैकुंठपुर पांच क्वाटर निवासी युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतक की 9 महीना पहले शादी हुई थी। बैकुंठपुर पांच क्वाटर निवासी 22 वर्षीय उदय हालदार पुत्र मनोज हालदार शनिवार शाम महिला रिश्तेदार



के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बी जी 2086से चोरगलिया क्षेत्र के जंगल स्थित सूर्य मंदिर से घर आ रहा था। किशनपुर रेंज के होरई खत्ता पास लकड़ी से लदे डंपर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी । जिससे उदय गंभीर रूप से घायल हो गया । जबकि महिला मोटरसाइकिल से दूर जा गिरी। महिला को भी चोट आई है । दुर्घटना के बाद हरोई खत्ता के ग्रामीणों ने डंपर को रोककर घायलों को डंपर से उपचार के लिए भेजा । डंपर चालक ने लालकुआं से 108 एम्बुलेंस से घायलों को सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी भेज दिया। सूचना पर परिजन भी सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंच गए । हालत गंभीर देखते हुए उदय को रेफर कर दिया। देर रात परिजन उसे उपचार के लिए अन्यत्र ले जा रहे थे। इस दौरान उदय की मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मां शुकलता व पत्नी रोशनी का रो रो कर बुरा हाल है । दो भाइयों में मृतक छोटा था। नौ माह पहले ही उसकी शादी हुई थी।

## 56 किलो गांजे के साथ दो तस्कर दबोचे

### एसओजी और रामनगर पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

रामनगर (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एस ओ जी टीम के प्रभारी अनीस अहमद के नेतृत्व में एसओजी एवं रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने रामनगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक इंडिगो कार में सवार दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रामनगर कोतवाली के एसएसआई मोहम्मद यूनुस ने बताया कि आमडंडा के समीप चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक इंडिगो कार को रोकते हुए तलाशी लेने पर इस वाहन के अंदर 56 किलो गांजा बरामद



किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वाहन में सवार में हरजाप सिंह उर्फ जेपी निवासी नई बस्ती लालढांग रामनगर एवं ईश्वर सिंह निवासी ग्राम सीली तल्ली थाना थैलीसैण पौड़ी गढ़वाल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारा के तहत अभियोग दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है तथा वहां को भी सीज किया गया है।

## स्क्रैप डोर स्टार्ट अप योजना का मिल रहा जनता को लाभ: भगत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम कालाढूंगी विधानसभा 60 के ग्राम जयदेवपुर में रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बंशीधर भगत रहे। विधायक भगत द्वारा जयदेवपुर गांव की नंदा बिहार में रहने वाले नवयुवक लोकेश गुणवंत के द्वारा शहर में चलाई जा रही स्क्रैप डोर स्टार्ट अप योजना की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जो स्टार्टअप चलाया जा रहा है उसके तहत शहर की प्लास्टिक व अन्य कबाड़ जैसे रद्दी लोहा इन सबको रीसायकल किया जाता है। जिससे हमारे आसपास का इलाका साफ सुथरा रहता है। साथ ही वातावरण स्वस्थ और सुरक्षित रहता है और लोगों को अपने कबाड़ की कीमत भी सही मिल जाती है।




लोकेश गुणवंत द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार भी मुहिया कराया जा रहा है। एप के माध्यम से वाहन भेजकर कबाड़ का ओनलाइन पेमेंट्स तुरंत कराते हैं, जिससे लोगों को काफी फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री का भी एक सबसे बड़ा यही सपना है जिसको उन्होंने अपनी मन की बात के कार्यक्रम में कई बार बोला है। विधायक द्वारा लोगों की प्रसन्नता करते हुए कहा रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी लोगों ने घर-घर जाकर आसपास के मंदिरों में साफ सफाई की। उसकी आगे भी जरूरत है। इस मौके पर प्रकाश शर्मा, भुवन भट्ट, शमशेर सिंह, दीपक सनवाल, चंदन बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद गुणवंत, अनिल पांडेय, राजेंद्र दानी, संतोष मेहता, कल्पना, स्वेता, भारती गौड़, भूमि पाण्डे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अबराम मेडिकल स्टोर पर लगा आंखों का नि:शुल्क कैम्प

गदरपुर(उद संवाददाता)। सरदार नगर चक्की पर स्थित अबराम मेडिकल स्टोर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नासिर हुसैन के अथक प्रयासों से प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर के डॉक्टर अंकित गुप्ता द्वारा आंखों का निशुल्क एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की जनता को आंखों में आई समस्याओं को दिखाने के लिए राहत का दिन रहा। शिविर का का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में डॉक्टर अंकित गुप्ता ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड धारकों के मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे वहीं पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि मंगलवार को निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें दर्जन लाभ्यर्थियों ने नेत्र का परीक्षण कराया और कैंप का फायदा उठाया है। नासिर हुसैन ने बताया कि पूरे शरीर में सभी अंगों का बहुत महत्व है लेकिन आंखों का महत्व सबसे अलग है उन्होंने कहा कि आंखों के बिना कोई भी काम करना बहुत मुश्किल हो जाता है इसलिए हमें अपनी आंखों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान प्रभु नेत्रालय की टीम में गुरदेव सिंह, निशा त्रिपाठी, विशेष कुमार, दिव्या कुमारी,



नीतू कुमारी, रोहित कुमार ने अपनी सहभागिता दी इस दौरान शिविर में मुख्य रूप से राजेंद्र पाल सिंह राजू, अजय गाबा, निक्की भगत, नासिर हुसैन, रामा छाबड़ा, ग्राम प्रधान डोंगपुरी हर्षपाल सिंह बंटी, अकबर प्रधान, सरफुद्दीन, गुलाम नबी, मकसूद अली, रईस अहमद, जमील हुसैन, शाह आलम, शाकिर अली, संदीप सिंह, किशन लाल,अब्दुल कयूम, ताराचंद, सीमा, मो रफी, मौजूद रहे वही कैम्प में सरस्वती देवी, डालचंद, शकुंतला देवी, नन्ही बेगम, मोहम्मद हुसैन, भूरी, मुन्नी देवी, कोमल सिंह, सुमन देवी, नूर जहां, चंपा देवी, कौशल, प्रमोद, सुखराम, अनीस अहमद, चंचला देवी, भूप सिंह आदि दर्जनों लाभार्थियों ने आई कैंप में अपनी आंखो का चेकअप कराया।



# पूर्व सैन्य अधिकारियों ने थामा भाजपा का दामन

हल्द्वानी(उद सं0ददाता)। लोकसभा चुनाव पास हैं। ऐसे में भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। हल्द्वानी के कुमाऊं कार्यालय में सोमवार को पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भाजपा का दामन थामा। पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई।भारतीय सेना में देश सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए दर्जनों पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भाजपा का दामन थामा है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज से प्रभावित होकर वो पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं।गौरतलब है कि कुछ महीनों बाद लोकसभा चुनाव होने हैं लिहाजा अब भाजपा ने अपना सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। बता दें रविवार को कोटद्वार से पूर्व विधायक शैलेन्द्र रावत भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए थे।

# घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता और मारपीट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। घर में घुस महिलाओं से अभद्रता करने और मारपीट करने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। राजपुरा निवासी गुड्डो पत्नी पूरन लाल ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि उसके पड़ोस में रहने वाले विजय उर्फ भोला पुत्र पन्ना अपने कुछ साथियों के साथ नशे में धुत होकर उसकी पुत्री के घर में घुस गया और उससे मारपीट करने लगे। उसकी बेटी किसी तरह से जान बचाकर उसके घर आई तो उक्त लोग उसके घर में भी घुस गए। शोर शराब सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर राजपुरा में रहने वाले सुभाष पुत्र रामचंद्र ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि कुछ लोग उसके घर में घुस कर मारपीट कर दी। आरोप है कि मारपीट पुलिस के सामने की गई लेकिन पुलिस ने बीच बचाव करने की जहमत नहीं उठाई। पीड़ित ने ध्रुव कश्यप, राजन, मुन्नी व बबली के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# आनंदनगर ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल



शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बैकुंठपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में आनंद नगर ने राजनगर को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। आनंद नगर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाए जबकि बाद में दूसरी पारी में राजनगर की टीम रोमांचक मुकाबले में 5 रन से मैच हार गई। जबकि कमल रावत ने 50 गेंदों में 79 रन एवम 2 विकेट हासिल करने वाले बेहतरीन खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम आनंदनगर को चमचमाती ट्राफी के साथ 15000 हजार रुपए नगद धनराशि दी गई। मैच शुरु होने से पहले पूर्व विधायक राजेश शुक्ला मुख्य अतिथि ने मैच का शुभारंभ किया ।इस दौरान परेश मंडल,सुमित सरकार, गोविंद तालुकदार,राजा हालदार, बिरेन्ची बाईन्न,सुमित मंडल,आनंद राय, रविन्द्र सिंह मौजूद रहे। स्कोरर जगदीश एवं मंजीत मजूमदार एवम अंपायर कालू एवं प्रशांत मजूमदार तथा राम चंद्र राय उद्घोषक रहे।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क हादसों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत यातायात पुलिस ने सोमवार को वाहन चालकों को यातायात नियमों की टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होनें कहा कि वाहन तेज गति से ना चलायें। शराब पीकर वाहन का प्रयोग न करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चालकों को समय समय पर स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान 14 फरवरी तक चलेगा। टीम ने यातायात नियमों के



जानकारी दी और नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। अभियान के तहत डीडी चौक पर टीएसआई धनपाल तनवार के नेतृत्व में प्रयोग करें और कार चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही उन्होंने वाहन के चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की भी हिदायत दी। उल्लंघन पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। इस मौके पर तमाम वाहन चालकों के अलावा कांस्टेबल कैलाश सिंह, योगेश जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**वोल्वो बस संचालित..**12 ई-टेंडर की जांच की गई। जिसमें पता चला कि छह ई-टेंडर एक ही कंप्यूटर से फाइल किए गए। ऑडिट टीम ने ये खुलासा कंप्यूटर के आइपी एड्रेस की जांच करने के बाद किया है। इसके साथ ही ऑडिट रिपोर्ट में परिवहन निगम की ओर से बसों के ठहराव के लिए अनुबंधित ढाबों के अनुबंध को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट से सामने आया है कि टेंडर कोई और व्यक्ति डालता है और ठेका किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में निगम को 4.11 करोड़ रुपये की आय अनुबंधित ढाबों से हुई, लेकिन निगम अनुबंधित फर्म से जुड़ी अन्य सुविधाओं की जानकारी नहीं दे सका. स्मरणीय है कि इस मामले में निगम अधिकारियों के विरुद्ध विजिलेंस जांच भी चल रही है. ऐसे में सभी निगाहें विजिलेंस की अगली कार्यवाही पर टिकी रहना स्वाभाविक है।

**नौ फरवरी से शुरू...** के कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है 7 लाख गावों तक हमकों प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रवास करना है जिसका उद्देश्य है कि हम सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर, गांव-गांव लेकर जायें जिससे विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए विकसित भारत के संकल्प की ओर आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि विकास की उस यात्रा में हमारे गांव भी अव्वल रहें। इसी उद्देश्य से गांव चलो अभियान का शुरुआत की जा रही है। इस अभियान को लेकर 20 जनवरी से 30 जनवरी तक जिले की कार्यशाला आयोजित हो रही है। 31 जनवरी से 4 फरवरी तक मण्डल स्तर की कार्यशालाओं का आयोजन होगा। नैनवाल ने बताया कि 9 फरवरी से 11 फरवरी तक चलने वाले गांव चलो अभियान में प्रवासी कार्यकर्ताओं को गांव क्षेत्र में हर बूथ पर प्रवास हेतु भेजना है जो 24 घण्टे उस गांव में उस बूथ पर रहेगा जिसमें उसका रात्रि प्रवास उस गांव में ही रहेगा जिसमें वह प्रवासी बूथ पर के रूप में रहेगा। जिसमे उस मण्डल में निवास करने वाला मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, विधायक संघठन से भी राष्ट्र , प्रदेश स्तर के पदाधिकारी के सभी लोग प्रवास करेंगे।प्रवास के दौरान बूथ पर बैठक पन्ना प्रमुख की स्थिति, नमो ऐप डाउनलोड करवाना। 2024 चुनाव में 51% के लक्ष्य हासिल करने हेतु चर्चा, विद्यालय मन्दिर दर्शन करना, युवाओं के समूह से भेंट करना , प्रभावी मतदाता से सम्पर्क करना, किसानों की बीच जाना, दीवार लेखन कार्य करवाना, लाभार्थियों को सरकार की योजना से मिले लाभ पर चर्चा करना, प्रतिभावान खिलाड़ियों से मुलाकात करना, शहीद सैनिक परिवार से मुलाकात करना, मतदाता सूची का निरीक्षण जैसी अनेको विषय को लेकर प्रवासी कार्यकर्ता गांव में 24 घण्टे हेतु प्रवास करेगा। साथ ही वह प्रवासी लोकसभा चुनाव तक उस क्षेत्र का प्रवासी रहेगा और बीच बीच मे प्रवास करता रहेगा। इन सभी गतिविधियों की मॉनीटरिंग राष्ट्र प्रदेश स्तर तक होगी और इन गतिविधियों को सरल ऐप पर अपलोड करना है। प्रदेश मंत्री नैनवाल ने कहा यह पार्टी नेतृत्व की ओर से महत्वपूर्ण अभियान है जिसको लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान देना है जिसके रहते यह जिला कार्यशाला आयोजन हुआ है वही इसके निमित आगे मण्डल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन होगा। प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल बोले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुन: पूर्ण बहुमत की सरकार बनाये और 400 पार के लक्ष्य को हासिल करें ओर 51% प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करें इसके चलते यह गांव चलो अभियान की शुरूआत की है , ओर हमको पूर्ण विश्वास है की भाजपा के कार्यकर्ताओं के परिश्रम पर पुन: केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। बैठक में सभी विधानसभा के विस्तारक, मण्डल अध्यक्ष अभियान के मण्डल सयोंजक सह संयोजक व बैठक मे दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, अभियान के जिला सयोंजक राजेश तिवारी, सह संयोजक अंजू देवी, लोकसभा विस्तारक दिनेश आर्य, पूर्व मेयर रामपाल, धीरेंद्र मिश्रा, धीरेश गुप्ता, विमला मन्डोला, स्वाति शर्मा, गजेंद्र प्रजापति, अमित नारंग, विनय बत्रा, मोहन तिवारी, भारत भूषण चुघ, धर्म सिंह कोली, जीवन धामी, अक्षय अरोरा, मयंक कक्कड़, बिट्टू चौहान, आदेश चौहान, रश्मि रस्तोगी, भीमसेन गुप्ता, संजय हलदार व अन्य लोग मौजूद रहे।

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम पूनम रानी (POONAM RANI) था। अब वर्तमान में मेरा नाम पूनम अरोरा (POONAM ARORA) हो गया है। अत: भविष्य में मुझे पूनम अरोरा पत्नी श्री सोमनाथ अरोरा (POONAM ARORA W/O SOM NATH ARORA) के नाम से ही लिखित एवं मौखिक रूप से जाना व पहचाना जाये।

**श्रीमति पूनम अरोरा पत्नी श्री सोमनाथ अरोरा निवासी- बी-5, शक्ति विहार कालोनी, रूद्रपुर जिला ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड**

**कमिश्नर ने पकड़ा...** लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार कमिश्नर दीपक रावत सोमवार को अपने कैंप ऑफिस से ओके होटल, बेस हॉस्पिटल होते हुए डीके पार्क का निरीक्षण करते हुए रामलीला मोहल्ला पहुंचे, जहां पर उन्होंने मावे की आढ़त पर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा आढ़त में भारी मात्रा में मावा रखा हुआ था जो की काफी दिन पुराना लग रहा था। उन्होंने मावा आढ़ती से पूछताछ की। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय समेत खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी पहुंचे। शुरूआती जांच में पाया गया कि खोया (मावा) में मिलावट है, जो कि रामनगर के ढेला और टांडा के खत्ते से आता है, जिसके लेनदेन का भी हिसाब काफी गड़बड़ पाया गया। कमिश्नर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मावे का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि मिलावट खोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

**सील भवनों की सील...**अपर सहायक अभियंता की ओर से मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं रामपुर रोड स्थित रामबाग कालोनी में सील किए गए भवन की सील हटाकर अवैध निर्माण करने के मामले में प्राधिकरण की ओर से दो लोगों के खिलाफ मुकदमा कराया गया है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता रघुवीर भारती ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि रामपुर रोड स्थित मानपुर पश्चिम में वरूण माहेश्वरी पुत्र सत्य प्रकाश माहेश्वरी और कन्हैया लाल जायसवाल पुत्र प्यारे लाल जायसवाल ने स्वीकृत मानचित्र से भिन्न भवन का निर्माण किया गया था जिस पर प्राधिकारण ने उक्त भवन को 10 फरवरी 2023 को सील किया गया था। प्राधिकरण की टीम ने जब वहां का स्थलीय निरीक्षण किया ता भवन की सील हटी पाई गई जिस पर प्राधिकरण की ओर से दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**जिप की बैठक में...**पंचायत भूमि अतिक्रमण हटाकर चाहरदीवारी बनाने, वर्तमान में जिला योजना की धनराशि निर्माण कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था जिला पंचायत की निविदाएं आमंत्रित करने, मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों हेतु जिला पंचायत को कार्यदायी संस्था बनाये जाने, जिला पंचायत बोर्ड बैठक की में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एवं बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पत्र के माध्यम से बैठक में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित करने पर सहमति व्यक्त की गई ताकि अेनेक सम्स्याओं का मौके पर समाधान ही किया जा सके। बैठक में कहा गया कि मुख्य अधिकारी एवं वित्तीय परामर्शदाता द्वारा किसी भी निविदा को निरस्त कर दिया जाता है, जबकि यह अधिकार जिला पंचायत अध्यक्ष में नीहित है, लेकिन उसके पश्चात भी मुख्य अधिकारी एवं वित्तीय परामर्शदाता द्वारा मनमानी की जा रही है। सभी सदस्यों ने विकास कार्यों में गति लाने की मांग की। बैठक में गंगा, भागीरथी राणा, प्रमीत, कमला देवी, गीता, हरविन्दर कौर, दीपा आर्य, अनीमा सिंह, अफरोज जहां, जन्नतुल फिदरशां, असना अहमद, अमनदीप कौर, सद्ददाम हुसैन, अजीतपाल सिंह, सतीश कुमार, चन्द्रशेखर मुंडेला, दुर्गेश कुमार, हरदेव सिंह व हरजसपाल सिंह आदि सदस्य मौजूद थे।

**कविता पढ़ते पढ़ते...**बेहद शौक था, जिसके चलते वह विवि परिसर सहित आसपास के कवि सम्मेलनों में भाग लिया करते थे। जन्मभूमि आंदोलन के दौरान वह जेल भी गए थे हाल ही में संपन्न प्राण प्रतिष्ठा के दिन उन्होंने झा कालोनी मंदिर में लड्डू बंटवाए और भंडारे का आयोजन भी किया था। बताया जाता है कि सुभाष चतुर्वेदी को पूर्व में भी दो बार हार्ट अटैक आ चुका था। इस बार हार्ट अटैक उनकी मौत का कारण बन गया। कवि को अचानक आये हार्ट अटैक की वीडियो वहां मौजूद कैमरा मैन के कैमरे में रिकार्ड हो गयी। हार्ट अटैक का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महिलाओं को कांग्रेस ने दिलाया वोट का अधिकार : खड़गे





## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को उखाड़ने के लिए जनता के बीच जाने का आह्वान,कांग्रेस नेताओ ने किया भव्य स्वागत

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में कांग्रेस के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को देहरादून में आयोजित विराट कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत कर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा के चुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने के साथ ही जनता के मुद्दों को उठाकर मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ने का आह्वान किया है। अपने 40 मिनट के अपने भाषण में राष्ट्रीय के साथ ही स्थानीय मुद्दों को नई धार दे गए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता तक इन मुद्दों को पहुंचाएं। उन्हें समझाएं कि ऐसी सरकार को सत्ता से बाहर निकालना होगा। वरना उनका जुल्म ऐसे ही चलता रहेगा। अंकिता जैसी बेटियां ऐसे ही शिकार होती रहेंगी। आगामी लोकसभा के चुनाव की तैयारियों के लिए मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने देशभर में चुनावी प्रचार अभियान की शुरूआत कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे पहली बार उत्तराखंड पहुंचे हैं। उनके आगमन से कांग्रेस नेता उत्साहित हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के देहरादून पहुंचने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा,पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रीतम सिंह, हरक सिंह रावत, तिलक राज बेहड़ सहित प्रदेश संगठन के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। बन्नू स्कूल ग्राउंड में खरगे के स्वागत के लिए पार्टी के दिग्गज नेताओं के साथ ही कार्यकर्ता व समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सबसे पहले देरी से पहुंचने के लिए जनता से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि देरी इसलिए हुई क्योंकि आजकल उड़ने के लिए भी मोदीजी की परमिशन लेनी पड़ती है। फिर हेलिकॉप्टर में चढ़ने, उतरने, हेलिकॉप्टर लैंडिंग में भी उनकी परमिशन लेनी पड़ती है। वो हम सबको सताते हैं। ताकि लोग लंबा इंतजार करके हमारे भाषण के समय चले जाएं। हमें ऐसी सरकार को हटाना है। आप उत्तराखंड के लोग हिम्मत वाले हैं। पूरे देश को बचाने वाले हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, प्रदीप टम्टा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सूर्यकांत धस्माना, हीरा सिंह बिष्ट, हरीश दुर्गपाल, महेंद्र पाल, मनोज तिवारी, सुमित हृदयेश, भुवन कापड़ी, आदेश



चौहान, रणजीत रावत, प्रेम सिंह राणा सहित प्रदेश भर से पहुंचे विधायक पूर्व विधायक व जिलाध्यक्षों के साथ भारी संख्या में महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई सहित कांगेस के विभिन्न मोर्चे के पदाधिकारी भी शामिल हुए है। प्रदेश कांग्रेस लगातार इन मुद्दों को उठाती आ रही है। खड़गे ने मंच से सभी कार्यकर्ताओं के बीच इन मुद्दों पर आगामी चुनाव में उतरने की सीख दी। खड़गे ने कहा सरकार नौजवानों को ठगने के लिए अग्निवीर योजना लाई। इस योजना में चार साल तक अग्निवीर बनाया जाएगा, लेकिन इसके बाद उसका क्या होगा? क्या वो रास्ते पर घूमेगा? उसे भर्ती क्यों नहीं करेंगे? जिन युवाओं ने पहले की भर्ती प्रक्रिया में तैयारी की थी, वो अग्निवीर योजना के चलते सड़क पर संघर्ष करने पर मजबूर हैं। दूसरी भर्तियों की उम्र निकल रही है। खड़गे ने कार्यकर्ताओं को अग्निवीर भर्ती मुद्दे से जोड़ते हुए कहा, उत्तराखंड के लोग हिम्मत वाले हैं, जो हिमालय की गोद में रहकर पूरे देश की रक्षा करते हैं। यहां के लोग देश की रक्षा को अपने प्राणों की आहुति दे देते हैं, लेकिन आज कल पीएम मोदी देश को बचाने का क्रेडिट भी उत्तराखंड के बदले, खुद को ही दे रहे हैं। खड़गे ने अपने भाषण में बेरोजगारी के मुद्दे को कई विभागों में खाली पड़े पदों पर भर्ती से जोड़कर उठाया। कहा, सरकारी विभागों में आज 30 लाख रिक्तियां हैं, लेकिन हर साल दो करोड़ को रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार भर्तियां नहीं निकाल रही। आरोप लगाया, यूजीसी के ताजा नोटिफिकेशन के हिसाब से अब विश्वविद्यालयों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। जो मोदी की मेरिट में आएगा, उसे ही नौकरी मिलेगी। खड़गे ने कहा, जगह-जगह मोदी की गारंटी के नारे लगाए जा रहे हैं। काला धन लाकर 15 लाख खाते में देने, दो करोड़ नौकरियां, किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन आज तक लोगों को न तो 15 लाख रुपये मिले और न ही नौकरियां मिलीं। महंगाई का जनता बेहाल है,यही मोदी की गारंटी है। यूजीसी अधिसूचना जारी कर विवि में आरक्षण खत्म करने जा रही है। इससे मोदी की मैरिट में आने वाले को ही नौकरी मिलेगी। रेलवे, केंद्रीय स्कूलों में शिक्षकों के 30 लाख पद खाली हैं, लेकिन इन पदों पर नौकरियां नहीं दी जा रही है। सिर्फ फोटो खींचने के लिए भर्तियां की जा रही है। खड़गे ने कहा, राहुल गांधी ने मणिपुर से न्याय यात्रा शुरू की। असम में रैली को रोकने के लिए पत्थरबाजी व पोस्टर फाड़ने की घटनाएं की गई। इससे कांग्रेस डरने वाली नहीं है और न ही भागने वाली। कांग्रेस देश के लिए जान देने वाली पार्टी है। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने देश को एक रखने के लिए जान दी। देश की आजादी के लिए जवाहर लाल नेहरु, महात्मा गांधी जेल में रहे। सवाल किया, आजादी की सीख देने वाली भाजपा के कितने लोग जेल गए। भाजपा के लोग सिर्फ संपत्ति जुटा रहे हैं। भाजपा बोल रही देश की रक्षा के लिए मोदी हैं। क्या हम झाड़ू लगाने के लिए हैं। आजादी कांग्रेस की वजह से मिली है। महिलाओं को वोट देने का अधिकार कांग्रेस ने दिलाया। आज भाजपा हमें देशभक्ति, आजादी की सीख दे रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, बार-बार वो पूछते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या दिया। हम उन्हें बताते हैं कि हम संविधान, लोकतंत्र न बचाते तो आज मोदी चाय बेचते फिरते और मैं खेती करता ही रह जाता। आज हम जिस मुकाम पर हैं, उसकी वजह कांग्रेस ही है।





# ..तो मोदीजी चाय बेचते फिरते और मैं भी खेतों में ही होता !

## खड़गे ने कहा : उत्तराखंड के लोगों में देश को बचाने की बड़ी हिम्मत

देहरादून। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में भाजपा पर कई बार तीखे तंज भी कसते हुए कहा कि भारत के सभी लोगों के पास भगवान है। देश में धर्म के नाम पर वोट लेना राष्ट्र के प्रति धोखा है। भाजपा से हमें इस तरह की राजनीति नहीं सीखनी है। कांग्रेस गरीबी, महिलाओं, युवाओं और देश हित में काम करने वाली पार्टी है। भाजपा का नजरिया अलग है, लेकिन कांग्रेस ने देश के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में कांग्रेस पार्टी के सबसे अहम योगदान रहा है। झूठ बोलना पीएम मोदी की आदत बन गई हैं। वे समझते हैं, जितना झूठ बोलोगे, जनता उतना सच मानेगी, लेकिन झूठ बोलने वाली भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना होगा। उत्तराखंड के लोगों में देश को बचाने की बड़ी हिम्मत है। सेना में राज्य के युवा देश की रक्षा करने में सबसे



आगे होते हैं। उन्होंने कहा देश को बचाने का श्रेय उत्तराखंड, हिमाचल समेत अन्य पहाड़ी राज्यों को जाता है, लेकिन आज देश की रक्षा का श्रेय मोदी खुद ले रहे हैं। हर बात पर झूठ बोला जा रहा है। देवभूमि उत्तराखंड के पास सब कुछ है। इसके बाद भी मोदी का नाम जपते रहेंगे तो देश को बर्बाद करेंगे। कहा भगवान विष्णु के 10 अवतार हैं, लेकिन मोदी 11 अवतार बनने के लिए निकले हैं। कहा हर आदमी का भगवान पर विश्वास रहता है। राजनीति व धर्म अलग-अलग होते है। धर्म की अपनी जगह है। इसका स्थान राजनीति में नहीं होना चाहिए, लेकिन भाजपा ने धर्म और राजनीति को मिक्स कर दिया है। खड़गे ने पीएम मोदी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा, 15 लाख, काला धन लाऊंगा कहां है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया, लेकिन पहले जितनी भी नहीं बची। क्या यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि ऐसे में अगर आप भी उस नेता को सपोर्ट करेंगे या सपोर्ट करते देखेंगे तो आप देश के किसान, युवा, महिला के साथ गद्दारी करेंगे। कहा, बार-बार भाजपा सवाल उठाती है कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या दिया। मैं उन्हें बताता हूं कि अगर कांग्रेस इन 70 साल में संविधान व लोकतंत्र को न बचाती तो मोदीजी चाय बेचते फिरते। मैं भी खेतों में ही होता। हम सब जिस मुकाम पर हैं, वह कांग्रेस की ही देन है। कहा, ये देवनगरी है। यहां चारधाम है, गंगा है। भगवान आपके पास है। पानी आपके पास है। अच्छे संस्थान हैं तो क्यों मोदी के पीछे घूमते हो। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाएं। उन्हें समझाएं कि कैसे आगे बढ़ना है।

## हम सबके हैं सीता राम,लोगों को बनाया जा रहा धर्मांध : गोदियाल

देहरादून। कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में राम मंदिर का मुद्दा छाया रहा। कई विधायकों, नेताओं ने कहा, सीताराम सबके हैं। भाजपा धर्मांधता को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने कहा, भाजपा राम मंदिर को मुद्दा बना रही है। राम मंदिर का निर्माण भाजपा सरकार के किसी शासनादेश से नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ है। कहा, सीताराम सबके हैं। उनके पूर्व प्रधानमंत्रियों की वजह से ही राम मंदिर आज वहां बना है। भाजपा केवल धर्मांधता को बढ़ावा दे रही है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा आज आम लोगों को धार्मिकता को छोड़कर धर्मांध बनाया जा रहा है। उन्हें धर्मांध बनने से रोकना है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अप्रत्यक्ष तौर पर निशाना साधते हुए कहा, नेहरूजी ने बड़े बांध दिए, संस्थान दिए, जिन्हें उन्होंने मॉडर्न टेंपल यानी आधुनिक मंदिर कहा था। भाजपा बताए कि उन्होंने कौन सा मॉडर्न टैंपल बनाया है। गांधीजी ने सबसे पहले रघुपति राघव राजा राम की धुन पूरी दुनिया तक पहुंचाई थी। राम सबके हैं। भाजपा अनावश्यक राजनीति कर रही है।

